आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.03.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र में आज आठवीं बैठक होगी। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। सदन में प्रश्नकाल के बाद बजट पर चर्चा जारी रहेगी। इसके अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जायेंगे।

विमल नेगी

राज्य ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत के मामले में प्रदेश सरकार ने निगम के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा को आगामी आदेशों तक उनके पद से हटा दिया है, वहीं निदेशक देशराज को निलंबित कर दिया गया है। आईएएस अधिकारी राकेश प्रजापति को प्रबंध निदेशक व सुरेंद्र कुमार को निदेशक के पद का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। सरकार ने मामले की जाँच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए शिमला पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस बीच प्रदेश सरकार के 4 मंत्री बीती रात ऊर्जा निगम कार्यालय के बाहर शव को लेकर धरने पर बैठे परिजनों से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने धरना खत्म किया।

जयराम ठाकुर

वहीं, भाजपा विधायक दल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुवाई में राज्य पावर कारपोरेशन कार्यालय के बाहर चीफ इंजीनियर विमल नेगी के पार्थिव देह के साथ धरने पर बैठे उनके परिजनों से मिलने पहुंचे। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मामले में विपक्ष ने विधानसभा में सरकार से सीबीआई जांच मांगी है। वे इस मामले को दोबारा विधानसभा में उठाएंगे और राज्यपाल से मिलकर भी केंद्रीय एजेंसी से जांच करवाने को लेकर मिलेंगे।

खेलो इंडिया

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का शुभारंभ आज से नई दिल्ली में होगा। इसमें 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 13 सौ से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया पहल का हिस्सा है जो 27 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित होगा। इसमें खिलाड़ी छह खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सभी खेल प्रतियोगिताएं प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चौनल पर लाइव स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होंगी, जबकि डीडी चैनल इसका सीधा प्रसारण करेगा।

पर्व

जनजातीय जिला किन्नौर के ऐतिहासिक गांव कल्पा में चल रहे पांच दिवसीय ऐतिहासिक राऊलाने पर्व के दूसरे दिन कल इस पर्व को दूर दूर से देखने आए देशी व विदेशी पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। ठंड व हल्की बर्फबारी के चलते भी भारी मात्रा में लोग मंदिर प्रांगण में पहले से ही मौजूद रहे। कल्पा गांव का ऐतिहासिक राउलाने पर्व पूरे जिले में मशहूर है और हर वर्ष इस पर्व को देखने भारी संख्या में देश व विदेशी पर्यटक यहां आते है।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–हिमाचल–पंजाब सीमा छावनी में तबदील, निगम के 10 रूट सस्पैंड, यूनियन ने कहा–हमले जारी रहे तो नहीं भेजेंगे बसें। दैनिक भास्कर लिखता है–एचआरटीसी ने बंद किए पंजाब के 10 रूट, डिप्टी सीएम बोले–सुरक्षा गारंटी मिलने के बाद बहाल होंगे। विधानसभा के बजट सत्र पर आपका फैसला ने खबर दी है–चिट्टे पर तपा सदन, पक्ष–विपक्ष में नोक–झोंक।